CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

CBSE 2026-27

हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

प्रश्न बैंक – सेट 3

पुस्तिका में प्रश्न

क्र.	अध्याय / विषय	MCQs	A-R	VSA	SA	LA	CS	All
1	अपठित गद्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
2	अपठित काव्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
3	रचना के आधार पर वाक्य भेद	3	1	12	0	0	0	**16**
4	वाच्य	3	1	12	0	0	0	**16**
5	पद परिचय	3	1	12	0	0	0	**16**
6	अलंकार	3	1	12	0	0	0	**16**
7	नेताजी का चश्मा	1	1	0	1	0	1	**4**
8	बालगोबिन भगत	3	1	0	3	0	1	**8**
9	लखनवी अंदाज़	2	1	0	1	0	1	**5**
10	एक कहानी यह भी	2	1	0	1	0	1	**5**
11	नौबतखाने में इबादत	2	1	0	1	0	1	**5**
12	संस्कृति	1	1	0	1	0	1	**4**
13	सूरदास — पद	2	1	0	1	0	1	**5**
14	तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद	3	1	0	1	0	1	**6**
15	जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य	1	1	0	1	0	1	**4**
16	निराला — उत्साह; अट नहीं रही है	3	1	0	4	0	1	**9**
17	नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल	3	1	0	4	0	1	**9**
18	मंगलेश डबराल — संगतकार	3	1	0	4	0	1	**9**
19	माता का अँचल	3	1	0	3	4	0	**11**
20	साना-साना हाथ जोड़ि	3	1	0	3	4	0	**11**
21	मैं क्यों लिखता हूँ?	3	1	0	3	4	0	**11**
22	अनुच्छेद लेखन	0	0	0	0	5	0	**5**
23	पत्र लेखन	0	0	0	0	4	0	**4**
24	स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन	0	0	0	0	8	0	**8**
	योग	**47**	**19**	**48**	**32**	**29**	**14**	**189**

MCQs = बहुविकल्पीय; A-R = अभिकथन–कारण; VSA = अति लघु उत्तरीय; SA = लघु उत्तरीय; LA = दीर्घ उत्तरीय; CS = केस/स्रोत आधारित।

विषय सूची

1. अपठित गद्यांश 3

2. अपठित काव्यांश 4

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद 5

4. वाच्य 6

5. पद परिचय 7

6. अलंकार 8

7. नेताजी का चश्मा 9

8. बालगोबिन भगत 10

9. लखनवी अंदाज़ 11

10. एक कहानी यह भी 12

11. नौबतखाने में इबादत 13

12. संस्कृति 14

13. सूरदास — पद 15

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद 16

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य 17

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है 18

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल 20

18. मंगलेश डबराल — संगतकार 22

19. माता का अँचल 24

20. साना-साना हाथ जोड़ि 25

21. मैं क्यों लिखता हूँ? 26

22. अनुच्छेद लेखन 27

23. पत्र लेखन 28

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन 29

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण) 30

1. अपठित गद्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

आज विश्व के कई देशों में अदरक वाली भारतीय चाय का चस्का लोगों को ऐसा लग गया है कि वहाँ हर कोई भारतीय चाय का शौकीन हो गया है। इसके अलावा भारत में कुल्हड़ वाली चाय भी काफी लोकप्रिय है। मिट्टी के कुल्हड़ में परोसी गई चाय का अपना विशेष महत्त्व है क्योंकि इसकी सौंधी खुशबू और लाजवाब स्वाद को इसके बिना अनुभव नहीं कर सकते हैं। भारत की सिफारिश पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है। भारत ने मिलान में हुई अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संगठन की बैठक में यह प्रस्ताव पेश किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपनी अधिसूचना में कहा कि हम विश्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में चाय के योगदान को लेकर दुनिया को जागरूक करना चाहते हैं, ताकि वर्ष 2030 के सतत विकास से जुड़े लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र को विश्वास है कि 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित करने से इसके उत्पादन और खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में चाय के लंबे इतिहास और गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का लक्ष्य चाय के स्थायी उत्पादन और खपत के पक्ष में गतिविधियों को लागू करने के लिए सामूहिक कार्यों को बढ़ावा देना और भूख और गरीबी से लड़ने में इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने चाय के औषधीय गुणों के साथ सांस्कृतिक महत्त्व को भी मान्यता दी है।
विश्व में चाय के प्रमुख उत्पादकों में एशिया, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका शामिल हैं। जबकि विश्व के चार बड़े उत्पादक देशों में क्रमशः चीन, भारत, कीनिया और श्रीलंका शामिल हैं। विश्व के कुल चाय उत्पादन में इन देशों की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत है। भारत विश्व में चाय उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है। भारत में चाय का उत्पादन करने वाले राज्यों में असम, पश्चिमी बंगाल, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं। असम भारत का सर्वाधिक चाय उत्पादन करने वाला राज्य है। भारत में लगभग 13 हज़ार चाय बागान हैं, जो 60 लाख से अधिक श्रमिकों की आजीविका का प्रमुख साधन भी हैं। चाय एक श्रम आधारित उद्योग है इसलिए भारत जैसे देश में इसके विकास की अपार संभावनाएँ हैं। चाय की चुनाई के लिए अधिक मात्रा में श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि चाय की पत्तियाँ एक-एक कर तोड़ी जाती हैं, जिनसे कोमल पत्तियाँ नष्ट न हों। अपनी कोमल अंगुलियों के कारण ही चाय के उद्यानों में स्त्री मज़दूर द्वारा पत्तियाँ तोड़ी जाती हैं। चाय की पत्ती तोड़ने के काम के लिए श्रमिकों को पूरे दिन खड़े रहना पड़ता है – चाहे वह चिलचिलाती धूप में हो या बारिश में। वे आम तौर पर उस हिस्से तक पहुँचने के लिए चार से पाँच किलोमीटर पैदल चलते हैं जहाँ वे चाय की पत्तियाँ चुनते हैं।

(i) **अभिकथन (A):** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस' घोषित किया है।
कारण (R): विश्व की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में चाय की अहमियत को समझाना। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(ii) भारत में कुल्हड़ वाली चाय काफी लोकप्रिय है क्योंकि – कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : I. सौंधी खुशबू होती है। II. लाजवाब स्वाद होता है। III. बहुत मँहगी होती है। IV. आसानी से उपलब्ध है। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं
(b) कथन I, III और IV सही हैं
(c) केवल कथन III सही है
(d) कथन I, II और IV सही हैं

(iii) निम्नलिखित कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए। कॉलम 1: I. विश्व में चाय का सबसे बड़ा उत्पादक देश II. भारत में चाय का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य III. विश्व में चाय का दूसरा बड़ा उत्पादक देश। कॉलम 2: 1 – भारत 2 – चीन 3 – असम **[1]**

(a) I (1) II (2) III (3)
(b) I (2) II (3) III (1)
(c) I (3) II (1) III (2)
(d) I (1) II (3) III (2)

(iv) चाय के उत्पादन और खपत बढ़ाने में 'अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस' की क्या भूमिका है? **[2]**

(v) चाय को 'श्रम आधारित उद्योग' क्यों कहा गया है? **[2]**

2. अपठित काव्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

अर्जुन ! देखो, किस तरह कर्ण सारी सेना पर टूट रहा,
किस तरह पांडवों का पौरुष होकर अशंक वह लूट रहा,
देखो जिस तरफ़, उधर उसके ही बाण दिखायी पड़ते हैं,
बस, जिधर सुनो, केवल उसके हुंकार सुनायी पड़ते हैं।

कैसी करालता! क्या लाघव! कितना पौरुष! कैसा प्रहार!
किस गौरव से यह वीर द्विरद कर रहा समर-वन में विहार!
व्यूहों पर व्यूह फटे जाते, संग्राम उजड़ता जाता है,
ऐसी तो नहीं कमल वन में भी कुंजर धूम मचाता है।

इस पुरुष-सिंह का समर देख मेरे तो हुए निहाल नयन,
कुछ बुरा न मानो, कहता हूँ, मैं आज एक चिर-गूढ़ वचन।
कर्ण के साथ तेरा बल भी मैं खूब जानता आया हूँ,
मन-ही-मन तुझसे बड़ा वीर, पर इसे मानता आया हूँ।

औ' देख चरम वीरता आज तो यही सोचता हूँ मन में,
है भी कोई, जो जीत सके, इस अतुल धनुर्धर को रण में?

(i) इस काव्यांश में कौन किसकी प्रशंसा कर रहा है? **[1]**

(a) कृष्ण अर्जुन की (b) कृष्ण कर्ण की (c) कर्ण कृष्ण की (d) अर्जुन कर्ण की

(ii) कर्ण के युद्ध-कौशल की प्रशंसा में कवि ने क्या कहा है? (I) पांडव सेना के पुरुषार्थ को चुनौती दे रहा था। (II) पांडव सेना ने उसे चारों ओर से घेर लिया था। (III) समर क्षेत्र में केवल उसके बाण दिखाई दे रहे थे। (IV) समर क्षेत्र में केवल उसकी हुंकार सुनाई दे रही थी। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं। (b) कथन I, II और IV सही हैं।
(c) केवल कथन III सही है। (d) कथन I, III और IV सही हैं।

(iii) कविता में 'अतुल धनुर्धर' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) अर्जुन को (b) कर्ण को (c) भीम को (d) श्रीकृष्ण को

(iv) 'कर्ण के साथ तेरा बल भी मैं खूब जानता आया हूँ' — इस पंक्ति के आधार पर कृष्ण के मन की बात लिखिए। **[2]**

(v) कर्ण ने पांडव सेना पर किस प्रकार प्रहार किया है? काव्यांश के आधार पर लिखिए। **[2]**

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) अजमेर से पहले पिता जी इंदौर में थे।
(b) हुड़दंग तो इतना मचाया कि कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।
(c) हमने हुड़दंग मचाया और कॉलेज वालों ने थर्ड इयर खोल दिया।
(d) हमारे हुड़दंग मचाने के कारण कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा।

Q2. 'जब बाबूजी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे रहते।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा – [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) बाबूजी रामायण का पाठ करते और हम उनकी बगल में बैठे रहते।
(b) जिस समय बाबूजी रामायण का पाठ करते उस समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।
(c) बाबूजी के रामायण का पाठ करते समय हम उनकी बगल में बैठे रहते।
(d) जब बाबूजी द्वारा रामायण का पाठ किया जाता तब हम भी साथ ही बैठे रहते।

Q3. 'माधव बाज़ार से मिठाई और फल लाया।' रचना की दृष्टि से यह वाक्य है – [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

(a) संयुक्त वाक्य (b) सरल वाक्य (c) मिश्र वाक्य (d) प्रधान वाक्य

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'मैंने सुना कि वह आ गया' मिश्र वाक्य है।
कारण (R): इसमें 'कि वह आ गया' विशेषण आश्रित उपवाक्य है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. जब बाबू जी रामायण का पाठ करते तब हम उनकी बगल में बैठे रहते। (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए) [SQP 2026-27; बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

Q6. मन्नू के एक इशारे पर लड़कियाँ कक्षा से बाहर निकलकर नारे लगाने लगीं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q7. जब जाड़ा आता तब बालगोबिन भगत एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. पिताजी तड़के उठते और पूजा करने बैठ जाते थे। (सरल वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q9. मुक्तेश्वर की यात्रा में हमने हिमालय की अभिराम छवि को देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q10. कुतूहलवश जब मैं उनके घर गया तो देखकर दंग रह गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q11. जब वह हमारी ओर देखते तब हम कुछ लजाकर आईना नीचे रख देते थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q12. जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की उसका नाम सभ्यता है। (रेखांकित उपवाक्य 'जो चीज़ उसने अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की' का भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[1]**

Q13. घर में पतोहू रो रही है, जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q14. सभी लोगों ने वह सुंदर दृश्य देखा। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q15. बालगोबिन भगत एक-एक पद गाते और उनकी मंडली उसे दुहराती-तिहराती थी। (सरल वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q16. यह बात पान वाले के लिए मज़ेदार थी, लेकिन हालदार साहब के लिए चकित करने वाली। (सरल वाक्य में बदलकर लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

4. वाच्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. वाक्यों का मिलान कीजिए –
1. गर्मियों में लोग खूब नहाते हैं।
2. गोपाल से पत्र लिखा जाता है।
3. धूप में चला नहीं जाता। [SQP 2023-24] **[1]**

(a) 1 – भाववाच्य, 2 – कर्तृवाच्य, 3 – कर्मवाच्य
(b) 1 – कर्तृवाच्य, 2 – कर्मवाच्य, 3 – भाववाच्य
(c) 1 – भाववाच्य, 2 – कर्मवाच्य, 3 – कर्तृवाच्य
(d) 1 – कर्तृवाच्य, 2 – भाववाच्य, 3 – कर्मवाच्य

Q2. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) टिकट सेकंड क्लास का लिया गया।
(b) खीरे को सूँघा गया।
(c) जेब से चाकू निकाला गया।
(d) ऊपर की बर्थ पर चढ़ा नहीं जाता।

Q3. 'उससे दौड़ा नहीं गया' – वाक्य किस वाच्य भेद का उदाहरण है? [बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

(a) कर्मवाच्य
(b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य
(d) इनमें से कोई नहीं

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** भाववाच्य में प्रायः अकर्मक क्रियाओं का प्रयोग होता है।
कारण (R): भाववाच्य में भाव (क्रिया) की प्रधानता होती है, कर्ता या कर्म की नहीं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. चोट लगने के कारण वह चल नहीं पाया। (भाववाच्य में बदलिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. नवाब साहब द्वारा खीरे पर मसाला छिड़का गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [SQP 2025-26; बोर्ड 2023 (3-C-1 कंपार्टमेंट); बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

Q7. वह गिने-चुने फ्रेमों को नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. कर्म की प्रधानता वाले वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है? [SQP 2024-25] **[1]**

Q9. कर्मवाच्य और भाववाच्य में मुख्य अंतर क्या है? [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q10. सभी बच्चों ने पाठ पढ़ा। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q11. आपके द्वारा अपनी सफलता का उल्लेख नहीं किया गया। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q12. वे कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़ों पर राम-नाम लिखते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q13. बालगोबिन भगत ने अपने खेत में रोपनी की। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-8-1); बोर्ड 2023 (3-2-1)] **[1]**

Q14. बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2023-24] **[1]**

Q15. पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़े। (भाववाच्य में बदलिए) [SQP 2019-20; SQP 2021-22] **[1]**

Q16. वे इतनी सर्दी में रात भर कैसे बैठेंगे? (भाववाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

5. पद परिचय

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'योग्य पिता की संतान भी योग्य होती है।' — रेखांकित पद 'संतान' का परिचय है : [SQP 2023-24] **[1]**

(a) संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(b) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(c) संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(d) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'पिता' विशेष्य

Q2. 'वह मेरी बात पर बहुत हँसा।' — रेखांकित पद 'बहुत' का परिचय है : [SQP 2023-24] **[1]**

(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, 'हँसना' क्रिया की विशेषता
(b) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'हँसना' क्रिया की विशेषता
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'हँसना' क्रिया की विशेषता
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'हँसना' क्रिया की विशेषता

Q3. 'आगे की पढ़ाई के लिए मैं भी बाहर जाना चाहती थी।' — रेखांकित पद 'मैं' का परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'कर्ता' कारक
(b) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(c) अन्यपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक
(d) मध्यमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'बड़ी' शब्द सदैव सार्वनामिक विशेषण होता है।
कारण (R): 'बड़ी' शब्द गुणवाचक विशेषण के रूप में भी प्रयुक्त होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया।' (रेखांकित पद: शीला अग्रवाल) [SQP 2025-26] **[1]**

Q6. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था।' (रेखांकित पद: देखा था) [SQP 2026-27] **[1]**

Q7. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वे बहुत कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे।' (रेखांकित पद: वे) [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'कल हमने ताजमहल देखा।' (रेखांकित पद: ताजमहल) [MS 2016-17] **[1]**

Q9. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मेरी गणित की किताब उधर रखी है।' (रेखांकित पद: उधर) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q10. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'रमेश के साथ तुम भी चले जाओ।' (रेखांकित पद: के साथ) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q11. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'अजी! जरा फल तो काट दीजिए।' (रेखांकित पद: जरा) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q12. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वे हर बार भारत आए थे।' (रेखांकित पद: आए थे) [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-8-1)] **[1]**

Q13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'मैं अक्सर बाग में घूमता हूँ।' (रेखांकित पद: अक्सर) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q14. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'आज वह अकेली हो गई है।' (रेखांकित पद: अकेली) [बोर्ड 2025 (Comptt 3-S-1)] **[1]**

Q15. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'अध्यापिका ने बच्चों को एक कहानी सुनाई।' (रेखांकित पद: एक) [SQP 2018-19] **[1]**

Q16. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'गाय दूध देती है।' (रेखांकित पद: गाय) **[1]**

6. अलंकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निम्नलिखित में उत्प्रेक्षा अलंकार है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) बादल, गरजो!
(b) घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
(c) ललित ललित, काले घुँघराल
(d) चित्रकूट जनु अचल अहेरी।

Q2. 'हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग। लंका सिगरी जल गई, गए निसाचर भाग॥' इस दोहे में निहित अलंकार है – [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) श्लेष (b) अतिशयोक्ति (c) उत्प्रेक्षा (d) मानवीकरण

Q3. 'दिन दिनहिं दिन होत झाँवरे मनहूँ कमल हिममारे' – प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है : [बोर्ड 2024 कंपार्टमेंट (3-S-1)] **[1]**

(a) श्लेष (b) उत्प्रेक्षा (c) मानवीकरण (d) अतिशयोक्ति

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'मुख चंद्र है' में रूपक अलंकार है।
कारण (R): इसमें 'मानो' शब्द के द्वारा संभावना व्यक्त की गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'भूप सहस दस एकहिं बारा। लगे उठावन टरत न टारा॥' [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।' [SQP 2024-25] **[1]**

Q7. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'बढ़त देखि जल सम बचन बोले रघुकुलभानु।' [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'छाया मरुस्थल-सा दल बाँध के अंधड़ आवै चला।' [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q9. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसका मुख चंद्र-सा सुंदर है।' **[1]**

Q10. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसकी वाणी कोयल-सी मीठी है।' **[1]**

Q11. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'वह सागर-सा गंभीर है।' **[1]**

Q12. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'मन-मंदिर में प्रभु को बसा लो।' **[1]**

Q13. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'ज्ञान-दीपक जलाओ।' **[1]**

Q14. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसने काव्य-सागर में गोता लगाया।' **[1]**

Q15. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'मानो अंबर ने मोती बिखेरे हों।' **[1]**

Q16. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'तारे मानो दीप जला रहे हों।' **[1]**

7. नेताजी का चश्मा

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. कैप्टन के बारे में सही कथन है – **[1]**

(a) वह सेना का कैप्टन था।
(b) वह नेताजी की आज़ाद हिंद फ़ौज का सिपाही था।
(c) वह फ़ौज में नहीं था, फिर भी लोग उसे कैप्टन कहते थे।
(d) वह नगरपालिका का कर्मचारी था।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** पानवाले ने कैप्टन को 'पागल' कहा।
कारण (R): पानवाला कैप्टन की देशभक्ति और संवेदना को समझ नहीं पाता था। [बोर्ड 2024 Main (3-1-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. कैप्टन के प्रति पानवाले ने क्या व्यंग्यात्मक टिप्पणी की थी? उस पर आप अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो। इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम - संभवतः नेताजी से क्षमा माँगते हुए - लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है। वाह! भई खूब। क्या आइडिया है। लेकिन भाई! एक बात अभी भी समझ में नहीं आई। हालदार साहब ने पानवाले से फिर पूछा, नेताजी का ऑरिजिनल चश्मा कहाँ गया? पानवाला दूसरा पान मुँह में दूँस चुका था। दोपहर का समय था, दुकान पर भीड़-भाड़ अधिक नहीं थी। वह फिर आँखों ही आँखों हँसा। उसकी तोंद थिरकी। कत्थे की डंडी फेंक, पीछे मुड़कर उसने नीचे पीक थूकी और मुसकराता हुआ बोला, मास्टर बनाना भूल गया।

(i) पानवाला आँखों ही आँखों क्यों हँसा? **[1]**

(a) ऑरिजिनल चश्मे की बात पर, यह उसकी व्यंग्यात्मक हँसी थी।
(b) वह हालदार साहब पर अपनी हँसी ज़ाहिर नहीं होने देना चाहता था।
(c) हालदार साहब उसको हँसते देखकर बुरा भी मान सकते थे।
(d) आँखों ही आँखों हँसना पानवाले की बहुत पुरानी आदत थी।

(ii) 'मास्टर बनाना भूल गया।' – यहाँ 'मास्टर' के संदर्भ में अनुपयुक्त विकल्प है – **[1]**

(a) मूर्तिकार (b) मोतीलाल (c) ड्राइंग टीचर (d) कैप्टन

(iii) 'अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई' – हालदार साहब क्या समझ गए? **[1]**

(a) मूर्ति के चश्मे के बार-बार बदले जाने का कारण
(b) मूर्ति की आँखों पर चश्मा न होने का कारण
(c) ग्राहकों द्वारा चश्मा न खरीदे जाने का कारण
(d) पानवाले और कैप्टन की परस्पर दोस्ती का कारण

(iv) 'कैप्टन मूर्ति से फ्रेम उतारते हुए नेताजी से क्षमा भी माँगता होगा' – लेखक के इस अनुमान का कारण रहा होगा – **[1]**

(a) नेताजी के प्रति कैप्टन का अति विश्वास से भरा व्यवहार
(b) नेताजी के प्रति कैप्टन का दिखावे से भरा आचरण
(c) कैप्टन को यह लगना कि चश्मे के बिना नेताजी तकलीफ़ में हैं
(d) कैप्टन की सोच के बारे में लेखक का अनुमान सर्वथा गलत होना

(v) **अभिकथन (A):** कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर अपनी दुकान का फ्रेम लगा देता था।
कारण (R): उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति आहत करती थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

8. बालगोबिन भगत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बेटे की मृत्यु के पश्चात बालगोबिन भगत का आखिरी निर्णय क्या था? [SQP 2021-22 Term-I; MS 2021-22 Term-I] **[1]**

(a) पतोहू का पुनर्विवाह करवाना
(b) पतोहू को शिक्षा दिलवाना
(c) पतोहू को घर से निकालना
(d) पतोहू से घृणा करना

Q2. बालगोबिन भगत ने बेटे की चिता को अग्नि किससे दिलवाई? [SQP 2025-26] **[1]**

(a) अपने भाई से (b) पतोहू से (c) पड़ोसी से (d) स्वयं दी

Q3. 'बालगोबिन भगत' पाठ किस विधा की रचना है? **[1]**

(a) कहानी (b) रेखाचित्र (c) निबंध (d) यात्रा-वृत्तांत

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** बालगोबिन भगत गृहस्थ होते हुए भी साधु थे।
कारण (R): वे सत्य बोलते, खरा व्यवहार रखते और अपनी हर चीज़ 'साहब' की मानते थे। [बोर्ड 2025 (3-1-1); बोर्ड 2024 Comptt] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. बालगोबिन भगत के संगीत को जादू क्यों कहा गया है? [SQP 2019-20; MS 2019-20] **[2]**

Q6. अपनी पतोहू के प्रति बालगोबिन भगत का व्यवहार उनके किन गुणों को उजागर करता है? [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[2]**

Q7. वेशभूषा या बाह्य अनुष्ठानों से कोई संन्यासी नहीं होता, संन्यास का आधार जीवन के मानवीय सरोकार होते हैं। बालगोबिन भगत के चरित्र के आधार पर इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुई, जो फागुन तक चला करतीं। इन दिनों वह सबेरे ही उठते। न जाने किस वक्त जगकर वह नदी-स्नान को जाते - गाँव से दो मील दूर। वहाँ से नहा-धोकर लौटते और गाँव के बाहर ही, पोखरे के ऊँचे भिंडे पर, अपनी खँजड़ी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते। मैं शुरू से ही देर तक सोनेवाला हूँ, किंतु, एक दिन, माघ की उस दाँत किटकिटानेवाली भोर में भी, उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था। अभी आसमान के तारों के दीपक बुझे नहीं थे। हाँ, पूरब में लोही लग गई थी जिसकी लालिमा को शुक्र तारा और बढ़ा रहा था। खेत, बगीचा, घर - सब पर कुहासा छा रहा था। सारा वातावरण अजीब रहस्य से आवृत्त मालूम पड़ता था। उस रहस्यमय वातावरण में एक कुश की चटाई पर पूरब मुँह, काली कमली ओढ़े, बालगोबिन भगत अपनी खँजड़ी लिए बैठे थे। उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था। उनकी अँगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रही थीं। गाते-गाते इतने मस्त हो जाते, इतने सुरूर में आते, उत्तेजित हो उठते कि मालूम होता, अब खड़े हो जाएँगे। कमली तो बार-बार सिर से नीचे सरक जाती। मैं जाड़े से कँपकँपा रहा था। किंतु तारे की छाँव में भी उनके मस्तक के श्रमबिंदु, जब-तब, चमक ही पड़ते।

(i) प्रभातियाँ किस समय गाया जाने वाला गीत है? **[1]**

(a) भोर (b) संध्या (c) मध्याह्न (d) अपराह्न

(ii) 'उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था' – का आशय है – **[1]**

(a) वह एक के बाद एक गीत गाए जा रहे थे।
(b) वह लगातार प्रवचन दिए जा रहे थे।
(c) वह लगातार लोगों को आशीर्वचन दे रहे थे।
(d) वह किसी से लगातार बातें किए जा रहे थे।

(iii) गद्यांश में किस ऋतु का उल्लेख है? **[1]**

(a) वसंत ऋतु (b) ग्रीष्म ऋतु (c) शीत ऋतु (d) वर्षा ऋतु

(iv) बालगोबिन की प्रभातियाँ कब तक चला करती थीं? **[1]**

(a) फागुन से कार्तिक तक
(b) कार्तिक से फागुन तक
(c) आषाढ़ से भादों तक
(d) कार्तिक से चैत्र तक

(v) भगत गाँव के बाहर पोखरे के ऊँचे भिंडे पर क्यों गाया करते थे? अनुपयुक्त विकल्प चुनिए – **[1]**

(a) शांत और प्राकृतिक वातावरण के कारण
(b) ताकि गाँववालों को परेशानी न हो
(c) गाँव में अधिक शोर की मनाही थी
(d) उन्हें उस स्थान पर रोज़ गाने की आदत थी

9. लखनवी अंदाज़

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. नवाब साहब ने लेखक से खीरे के बारे में क्या कहा? [SQP 2019-20; बोर्ड 2022 (3-3-1)] **[1]**

(a) खीरा सस्ता होता है
(b) खीरा लज़ीज़ होता है पर सकील और मेदे पर बोझ डालने वाला
(c) खीरा बहुत कड़वा है
(d) खीरे का शौक फरमाइए, यह मुफ़्त है

Q2. पाठ में 'नयी कहानी' पर किस प्रकार का व्यंग्य है? [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) विचार, घटना और पात्र के बिना केवल लिखने की इच्छा से कहानी बनाने पर
(b) प्रकृति-वर्णन वाली कहानी पर
(c) ऐतिहासिक कहानी पर
(d) बाल-कथाओं पर

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** लेखक ने नवाब साहब के खीरे के निमंत्रण को पहले ठुकरा दिया।
कारण (R): लेखक उनके द्वारा पहले की गई उपेक्षा के कारण आत्म-सम्मान बनाए रखना चाहता था, यद्यपि बाद में उसे पछतावा हुआ। [MS 2020-21; बोर्ड 2022 (3-4-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. क्या आपको नवाब साहब का व्यवहार सामान्य लगा? क्यों? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए। [SQP 2023-24; MS 2023-24] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए। हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा - यह है खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत! हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्सट्रेक्ट तरीका ज़रूर कहा जा सकता है परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है? नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'

(i) गद्यांश के अनुसार नवाब साहब ने किस ढंग से खीरा 'इस्तेमाल' किया? **[1]**

(a) खाकर (b) सूँघकर और फेंककर (c) काटकर बाँटकर (d) नमक लगाकर रखकर

(ii) 'खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत' शब्दों में निहित भाव है – **[1]**

(a) सच्ची प्रशंसा (b) खोखले दिखावे पर व्यंग्य
(c) लेखक की ईर्ष्या (d) गंभीर चिंता

(iii) नवाब साहब के 'भरे पेट के ऊँचे डकार' से स्पष्ट होता है कि – **[1]**

(a) उन्होंने बहुत खा लिया था
(b) उन्होंने खीरा खाया नहीं था, पर खाने का दिखावा किया
(c) वे बीमार थे
(d) वे नाराज़ थे

(iv) 'सकील' का अर्थ है – **[1]**

(a) हल्का (b) भारी, देर से पचने वाला
(c) स्वादिष्ट (d) ताज़ा

(v) **अभिकथन (A):** लेखक ने नवाब साहब के तरीके को 'एब्सट्रेक्ट' कहा।
कारण (R): नवाब साहब ने वास्तविक खीरा खाए बिना केवल उसकी सुगंध और स्वाद की कल्पना से तृप्त होने का दिखावा किया। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

10. एक कहानी यह भी

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखिका के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता क्या थी? [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) अठारह वर्ष और बारहवीं पास
(b) सोलह वर्ष और दसवीं पास
(c) अठारह वर्ष और दसवीं पास
(d) सोलह वर्ष और आठवीं पास

Q2. 'चौपड़' किसे कहा गया है? **[1]**

(a) मुख्य बाज़ार का चौराहा
(b) विद्यालय का मैदान
(c) कॉलेज का भवन
(d) डॉ. अंबालाल का घर

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** पिता के मित्र ने मन्नू की गतिविधियों की कड़ी आलोचना की।
कारण (R): मन्नू आज़ाद हिंद फ़ौज के मुकदमे के विरोध की हड़तालों में सक्रिय थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. महानगरों की 'फ्लैट-कल्चर' और लेखिका मन्नू भंडारी के 'पड़ोस-कल्चर' में क्या अंतर दिखाई देता है? विचार करते हुए लिखिए। (लगभग 25-30 शब्दों में) [SQP 2023-24 (ख)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

उन्होंने अपने अकेले के बल-बूते और हौसले से अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश (विषयवार) के अधूरे काम को आगे बढ़ाना शुरू किया जो अपनी तरह का पहला और अकेला शब्दकोश था। इसने उन्हें यश और प्रतिष्ठा तो बहुत दी, पर अर्थ नहीं और शायद गिरती आर्थिक स्थिति ने ही उनके व्यक्तित्व के सारे सकारात्मक पहलुओं को निचोड़ना शुरू कर दिया। सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फारित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, अधूरी महत्त्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थीं। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होंगी वे जिन्होंने आँख मूँदकर सबका विश्वास करने वाले पिता को बाद के दिनों में इतना शक्की बना दिया कि जब-तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

(i) पिता की गिरती आर्थिक स्थिति का उन पर क्या प्रभाव पड़ा? **[1]**

(a) क्रोध और अहंकार बढ़ गया
(b) सकारात्मक पहलू बढ़ गए
(c) वे सदा संतुष्ट रहने लगे
(d) वे बच्चों से दूर हो गए

(ii) **अभिकथन (A):** विषयवार अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश-निर्माण में पिता को प्रतिष्ठा बहुत मिली, पर अर्थ प्राप्ति नहीं हुई।
कारण (R): वे शब्दकोश का काम भली-भाँति नहीं कर पा रहे थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) पिता को बाद के दिनों में इतना शक्की बनाने का कारण क्या था? **[1]**

(a) गिरती हुई आर्थिक स्थिति
(b) मन्नू भंडारी के कॉलेज से शिकायत
(c) अपने विश्वासपात्रों से मिले विश्वासघात की चोटें
(d) हाशिए पर चले जाने का अपमान-बोध

(iv) पिता के क्रोध से सबसे अधिक कौन कँपाती-थरथराती रहती थीं? **[1]**

(a) बहन (b) माँ (c) भाई (d) पड़ोसी

(v) 'आँख मूँदकर सब पर विश्वास' करने का आशय है – **[1]**

(a) बिना सोचे-समझे भरोसा करना
(b) ध्यान से परखकर भरोसा करना
(c) किसी पर भरोसा न करना
(d) आँखें बंद करके सोना

11. नौबतखाने में इबादत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'अकसर समारोहों एवं उत्सवों में दुनिया कहती है ये बिस्मिल्ला खाँ हैं।' - वाक्य में 'बिस्मिल्ला खाँ' का क्या मतलब है? [बोर्ड 2023 Comptt (3-C-1)] **[1]**

(a) बिस्मिल्ला खाँ का हाथ
(b) बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई
(c) बिस्मिल्ला खाँ का व्यक्तित्व
(d) बिस्मिल्ला खाँ की आवाज़

Q2. बिस्मिल्ला खाँ के परदादा का नाम क्या था? **[1]**

(a) उस्ताद साहब हुसैन खाँ
(b) उस्ताद मौज़ुद्दीन खाँ
(c) पंडित कंठे महाराज
(d) बड़े रामदास जी

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई में सातों सुर लेकर उतर पड़ने की तमीज़ थी।
कारण (R): शहनाई में परवरदिगार, गंगा मइया और उस्ताद की नसीहत भरी हुई थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. शिष्या के फटी लुंगी/तहमद प्रसंग में बिस्मिल्ला खाँ ने अपनी शिष्या को क्या समझाया? प्रसंग स्पष्ट कीजिए। [SQP 2017-18; MS 2017-18] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

किसी दिन एक शिष्या ने डरते-डरते खाँ साहब को टोका, "बाबा ! आप यह क्या करते हैं, इतनी प्रतिष्ठा है आपकी। अब तो आपको भारतरत्न भी मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें। अच्छा नहीं लगता, जब भी कोई आता है आप इसी फटी तहमद में सबसे मिलते हैं।" खाँ साहब मुस्कराए। लाड़ से भरकर बोले, "छत्! पगली ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पे नाहीं। तुम लोगों की तरह बनाव सिंगार देखते रहते, तो उमर ही बीत जाती, हो चुकती शहनाई। तब क्या खाक रियाज़ हो पाता। ठीक है बिटिया, आगे से नहीं पहनेंगे, मगर इतना बताई देते हैं कि मालिक से यही दुआ है फटा सुर न बख्शें। लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सी जाएगी।"

(i) शिष्या द्वारा बिस्मिल्ला खाँ को टोकने के पीछे कौन-से कारण थे? उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : I. शिष्या को फटी तहमद के कारण शर्म आ रही थी। II. शिष्या खाँ साहब की प्रतिष्ठा के लिए चिंतित थी। III. खाँ साहब बनाव-श्रृंगार को विशेष महत्त्व नहीं देते थे। IV. शिष्या खाँ साहब के प्रति आत्मीयता का भाव रखती थी। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं।
(b) कथन I और IV सही हैं।
(c) कथन II और III सही हैं।
(d) कथन II और IV सही हैं।

(ii) बिस्मिल्ला खाँ द्वारा अपनी शिष्या को 'छत्! पगली' कहकर संबोधित करने में कौन-सा भाव प्रकट होता है? **[1]**

(a) हास का (b) स्नेह का (c) क्रोध का (d) उपहास का

(iii) **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ ईश्वर से सच्चे सुर की प्रार्थना करते थे।
कारण (R): भारतरत्न पुरस्कार से सम्मानित होने के कारण वे अधिक विनम्र हो गए थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) इस गद्यांश के आधार पर खाँ साहब की विशेषताएँ हैं। उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : I. साधक II. प्रतिभावान III. सरल **[1]**

(a) I, II और III तीनों
(b) I और II दोनों
(c) II और III दोनों
(d) I और III दोनों

(v) 'मालिक फटा सुर न बख्शें' का क्या आशय है? **[1]**

(a) ईश्वर उनके वादन में सुरीलापन सदैव बनाए रखे।
(b) ईश्वर उनके गायन में सुरीलापन सदैव बनाए रखे।
(c) ईश्वर की अनुकंपा सदैव बनी रहे।
(d) ईश्वर किसी को बेसुरा न बनाए।

12. संस्कृति

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. आज का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन की अपेक्षा किस रूप में अधिक कहा जा सकता है? **[1]**

(a) सभ्य (b) संस्कृत (c) निठल्ला (d) अनभिज्ञ

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** न्यूटन संस्कृत मानव थे।
कारण (R): उन्होंने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. लेखक संस्कृति-असंस्कृति और सभ्यता-असभ्यता के भ्रमजाल में फँसे मनुष्यों से क्या प्रश्न करता है? [SQP 2025-26; MS 2025-26 (कुंजी)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

(i) संस्कृत व्यक्ति की संतान को लेखक ने किसकी संज्ञा दी है? **[1]**

(a) सुसंस्कृत मानव (b) सभ्य मानव (c) सुयोग्य मानव (d) समृद्ध मानव

(ii) लेखक के अनुसार प्रस्तुत गद्यांश में एक 'संस्कृत' व्यक्ति कौन है? **[1]**

(a) जो संस्कृत विषय का विशेषज्ञ हो
(b) जो नयी वस्तुओं का उपयोग करता हो
(c) जो अनेक बातों का ज्ञान रखता हो
(d) जो किसी नयी चीज़ की खोज करता हो

(iii) **अभिकथन (A):** लेखक ने 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान को 'संस्कृत' नहीं माना है।
कारण (R): 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान ने किसी नयी चीज़ की खोज नहीं की, बल्कि उसे वह वस्तु अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन / कौन-से कथन सही हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने के कारण संस्कृत मानव कहलाए।
(ii) आज भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन के समान संस्कृत कह सकते हैं।
(iii) आज का विद्यार्थी न्यूटन के सिद्धांत के साथ-साथ अन्य बातों का भी ज्ञान रखता है।
(iv) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को अधिक सभ्य नहीं माना जा सकता है। **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं
(b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं
(d) कथन (i) और (iii) सही हैं

(v) एक संस्कृत व्यक्ति में आम लोगों से अलग कौन-से गुण होते हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) नई खोज करना
(ii) संस्कृति का सम्मान करना
(iii) साहसी और परिश्रमी होना
(iv) अपनी बुद्धि, विवेक के बल पर आविष्कार करना **[1]**

(a) विकल्प (i) और (iv) सही हैं
(b) केवल विकल्प (iii) सही है
(c) विकल्प (i) और (ii) सही हैं
(d) विकल्प (i), (ii) और (iv) सही हैं

13. सूरदास — पद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. सूरदास के पदों के आधार पर उद्धव हैं : [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[1]**

(a) सगुण ईश्वर के भक्त, कृष्ण-सखा, योग के प्रचारक
(b) निर्गुण ब्रह्म के उपासक, कृष्ण-सखा, योग के विरोधी
(c) निर्गुण ब्रह्म के उपासक, कृष्ण-सखा, योग-मार्गी
(d) निर्गुण ईश्वर के विरुद्ध, सगुण कृष्ण के भक्त, योग-मार्गी

Q2. गोपियों को उद्धव का शुष्क योग-संदेश पसंद न आने का मुख्य कारण था : [SQP 2022-23] **[1]**

(a) उद्धव के कठोर शब्द व कटु व्यवहार
(b) गोपियों का ज्ञान-मार्ग के स्थान पर प्रेम-मार्ग को पसंद करना
(c) उद्धव में वाक्-पटुता की कमी
(d) गोपियों का प्रेम-मार्ग के स्थान पर ज्ञान-मार्ग को पसंद करना

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** गोपियों ने स्वयं की तुलना गुड़ से चिपटी चींटी से की है।
कारण (R): चींटी गुड़ से चिपककर प्राण दे देती है, पर उसे छोड़ती नहीं। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. 'सूरदास के पद' के आधार पर लिखिए कि 'हारिल पक्षी' के उदाहरण से गोपियाँ अपने बारे में क्या बताना चाहती हैं। [बोर्ड 2023 (3-2-1); MS 2023-24] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी॥

(i) गोपियों ने अपनी तुलना हारिल पक्षी से क्यों की है? **[1]**

(a) हारिल पक्षी सदैव लकड़ी लिए उड़ता है
(b) गोपियों को हारिल पक्षी पसंद है
(c) श्रीकृष्ण के प्रति अपने एकनिष्ठ प्रेम के कारण
(d) श्रीकृष्ण के प्रति अपनी नाराज़गी के कारण

(ii) 'नंद-नंदन' विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? **[1]**

(a) श्रीकृष्ण के लिए (b) गोपियों के लिए (c) उद्धव के लिए (d) सूरदास के लिए

(iii) गोपियाँ 'व्याधि' किसे कह रही हैं? **[1]**

(a) उद्धव की बातों की कठोरता को (b) श्रीकृष्ण के विरह को
(c) श्रीकृष्ण के प्रेम को (d) उद्धव के योग-ज्ञान को

(iv) गोपियों को योग-संदेश कैसा लगता है? **[1]**

(a) हारिल की लकड़ी के समान (b) कड़वी ककड़ी के समान
(c) मीठे गुड़ के समान (d) शीतल जल के समान

(v) गोपियों के अनुसार योग का संदेश किन्हें सौंपा जाना चाहिए? **[1]**

(a) जो श्रीकृष्ण से प्रेम नहीं करते (b) जो ज्ञान के प्यासे हैं
(c) जिनके मन चकरी की तरह चंचल हैं (d) जिनके मन स्थिर हैं

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. शिव-धनुष तोड़ने वाले की तुलना परशुराम ने अपने किस शत्रु से की है? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) कर्ण (b) घटोत्कच (c) दुर्योधन (d) सहस्रबाहु

Q2. स्वयंवर में जो धनुष टूटा था, वह किसका था? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) परशुराम जी के आराध्य शिवजी का
(b) राजा जनक का
(c) राम का
(d) विष्णु का

Q3. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' किस महाकाव्य के किस कांड से लिया गया है? **[1]**

(a) रामचरितमानस के बालकांड से
(b) रामचरितमानस के अयोध्याकांड से
(c) सूरसागर के दशम स्कंध से
(d) कवितावली के उत्तरकांड से

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** राम ने स्वयं को परशुराम का सेवक बताया।
कारण (R): राम परशुराम की वीरता से भयभीत हो गए थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. "सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥" परशुराम के मुँह से ऐसा सुनकर लक्ष्मण की क्या प्रतिक्रिया रही? [SQP 2025-26; MS 2025-26] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q6. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी॥
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं॥
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहउँ रिस रोकी॥
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई॥
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें॥

(i) परशुराम बार-बार अपना कुठार किसे और क्यों दिखा रहे हैं? **[1]**

(a) लक्ष्मण को भयभीत करने के लिए
(b) राम को भयभीत करने के लिए
(c) विश्वामित्र को भयभीत करने के लिए
(d) महाराज जनक को भयभीत करने के लिए

(ii) निम्नलिखित पंक्तियों में से किस पंक्ति से लक्ष्मण के शक्तिशाली होने का पता चलता है? **[1]**

(a) बिहसि लखन बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी॥
(b) पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥
(c) देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
(d) इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं॥

(iii) रघुकुल में किन-किन के प्रति अपनी वीरता का प्रदर्शन नहीं किया जाता? **[1]**

(a) स्त्रियों, बच्चों, ईश्वर-भक्त और गाय पर
(b) देवता, ब्राह्मण, ईश्वर-भक्त और गाय पर
(c) देवता, राजा, वीर योद्धा और स्त्रियों पर
(d) स्त्रियों, बच्चों, राजा और गाय पर

(iv) 'बिहसि लखन बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी' यह कथन किसका उदाहरण है? **[1]**

(a) हास्य का (b) क्रोध का (c) व्यंग्य का (d) वैराग्य का

(v) उपर्युक्त पद्यांश में लक्ष्मण के चरित्र की कौन-सी विशेषता उजागर होती है? **[1]**

(a) वीरता (b) धैर्य (c) शिष्टता (d) विनम्रता

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'आत्मकथ्य' कविता के रचयिता कौन हैं? **[1]**

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(b) नागार्जुन
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) मंगलेश डबराल

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** कवि प्रेयसी की स्मृति को 'पाथेय' कहता है।
कारण (R): प्रेयसी की मधुर स्मृति उसके थके जीवन-पथ में सहारा देती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. "क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?" – कवि 'दूसरों की सुनकर मौन रहना' क्यों श्रेयस्कर मानता है? [SQP 2026-27; MS 2026-27] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।
यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।
भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।
उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की।
अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।
मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया।

(i) अपने बीते हुए जीवन को कवि किस रूप में देख रहा है? **[1]**
(a) विशद और विस्तृत (b) दुखद और करुण (c) सरल और सामान्य (d) समृद्ध और सबल

(ii) 'उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ' पंक्ति में किस गाथा को उज्ज्वल कहा गया है? **[1]**
(a) मित्रों के साथ बीते समय को
(b) साहित्यिक गोष्ठियों की चर्चा को
(c) प्रेयसी/पत्नी के साथ व्यतीत मधुर स्मृतियों को
(d) संपूर्ण विगत जीवन की स्मृतियों को

(iii) 'देखोगे-यह गागर रीती' पंक्ति में 'रीती' से क्या अभिप्राय है? **[1]**
(a) विशिष्ट उपलब्धियों का न होना
(b) गागर का रिक्त होना
(c) साहित्यिक रचनाओं का न होना
(d) विगत जीवन में सुख का न होना

(iv) 'मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया' पंक्ति का भाव है : **[1]**
(a) कवि स्वप्न देखकर प्रसन्न हो गया
(b) कवि को सुख प्राप्त हो गया
(c) कवि स्वप्न में भी नहीं सोया
(d) कवि जिस सुख का स्वप्न देखता था, वह उसे कभी वास्तविक रूप में नहीं मिला

(v) उपर्युक्त काव्यांश का मुख्य भाव है : **[1]**
(a) आत्मकथा लिखने की प्रेरणा
(b) जीवन के यथार्थ एवं अभाव-पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति
(c) मित्रों के मधुर व्यवहार का उल्लेख
(d) प्रेयसी के साथ मधुर पलों की अभिव्यक्ति

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. निराला जी ने 'उत्साह' कविता में बादलों से किस बात का आग्रह नहीं किया है? **[1]**

(a) गरजकर विप्लव लाने का
(b) नवजीवन का गान गाने का
(c) फुहार-रिमझिम और मृदु वर्षा का
(d) तामसिक तम का नाश करने का

Q2. 'अट नहीं रही है' कविता में 'फागुन आया है' की घोषणा किसके मुख से होती है? **[1]**

(a) कोयल के
(b) पपीहे के
(c) अरुण अर्थात् सूर्य के
(d) मोर के

Q3. 'उत्साह' कविता की रचना जिस काल में हुई, उस समय देश की दशा कैसी थी? **[1]**

(a) देश आज़ाद था और समृद्ध था।
(b) देश पराधीन था और समाज में मध्ययुगीन जड़ता थी।
(c) देश में लोकतंत्र था।
(d) देश में औद्योगिक क्रांति हो रही थी।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'अट नहीं रही है' कविता निराला जी के प्रकृति-प्रेम की साक्षी है।
कारण (R): कविता में फागुन ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम चित्रण है और कवि उससे अभिभूत है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'उत्साह' और 'अट नहीं रही है' कविताओं के आधार पर सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जी के प्रकृति-चित्रण का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। [SQP 2025-26; बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[2]**

Q6. 'उत्साह' कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट करते हुए लिखिए कि उसकी अभिव्यक्ति 'बादल' के सहारे क्यों की गई है? [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[2]**

Q7. 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने फागुन मास के सौंदर्य को किस प्रकार चित्रित किया है? [बोर्ड 2023 (3-4-1); बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[2]**

Q8. बादलों से संबंधित किन बिंबों का प्रयोग 'उत्साह' कविता में है? [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।
कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।

(i) 'अट नहीं रही है' का अर्थ है – **[1]**

(a) आभा समा नहीं रही है
(b) आभा बिखर गई है
(c) आभा मंद पड़ गई है
(d) आभा ओस में भीग गई है

(ii) काव्यांश के आधार पर बताइए कि कवि को उड़ने के लिए पंख कब और क्यों लग जाते हैं? **[1]**

(a) फागुन की आभा और सुगंध से उत्साहित होकर
(b) बादलों की गर्जना से भयभीत होकर
(c) दोस्तों के प्रोत्साहन से
(d) पक्षियों की उड़ान देखकर

(iii) **अभिकथन (A):** प्रस्तुत काव्यांश में कवि की आँख फागुन के सौंदर्य से हट नहीं रही है।
कारण (R): फागुन की मादक आभा ने कवि के तन-मन पर ऐसा प्रभाव डाला है कि वह उससे उबर नहीं पाता। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) 'कहीं साँस लेते हो' – पंक्ति में 'तुम' का संकेत है – **[1]**

(a) प्रकृति के प्राणों का
(b) बादलों का
(c) प्रिय का
(d) फागुन का

(v) प्रस्तुत काव्यांश की केंद्रीय भावना है – **[1]**

(a) विरह की वेदना
(b) प्रकृति के प्रति अनुराग और उल्लास
(c) क्रांति का आह्वान
(d) सामाजिक व्यवस्था पर व्यंग्य

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे का पिता को एकटक देखने का क्या कारण था? [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[1]**

(a) ऐसे एकटक देखना उसका स्वभाव था
(b) उसे पलकें झपकाना नहीं आता था
(c) वह उन्हें पहचानने की कोशिश कर रहा था
(d) वह डरा हुआ था

Q2. 'तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान मृतक में भी डाल देगी जान' - प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में अलंकार है : [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) अतिशयोक्ति अलंकार
(b) श्लेष अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार
(d) उत्प्रेक्षा अलंकार

Q3. 'क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार?' में कवि का भाव है : **[1]**

(a) निराशा (b) अपनत्व और धैर्य (c) क्रोध (d) उपेक्षा

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** कवि शिशु के धूल-धूसरित शरीर को तालाब के जलजात की तरह सुंदर मानता है।
कारण (R): कवि के मन में शिशु के प्रति अपार सुंदरता और कोमलता का अनुभव होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'यह दंतुरित मुसकान' का कवि बालक की माँ को धन्य क्यों कह रहा है? शिशु के प्रति माता किन कर्तव्यों का निर्वाह करती है? [बोर्ड 2025 Main (3-2-1)] **[2]**

Q6. 'फसल' कविता के संदर्भ में लिखिए कि आपकी दृष्टि में फ़सल उत्पादन में सर्वाधिक योगदान किसका है और क्यों? [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[2]**

Q7. मुसकान से मानव मन और वातावरण में क्या परिवर्तन देखने को मिलता है? 'यह दंतुरित मुसकान' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए। [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[2]**

Q8. वसंत की धन्यता को किसने रचा है? [SQP 2018-19 (पठित कविता प्रश्न)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

देखते ही रहोगे अनिमेष!
थक गए हो?
आँख लूँ मैं फेर?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार?
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मैं न सकता देख
मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

(i) 'अनिमेष' शब्द का अर्थ है : **[1]**

(a) बिना पलक झपकाए (b) चंचल (c) शांत (d) भयभीत

(ii) 'आँख लूँ मैं फेर?' में कवि का भाव है : **[1]**

(a) उपेक्षा (b) स्नेह और धैर्य (c) क्रोध (d) भय

(iii) 'माध्यम' से तात्पर्य है : **[1]**

(a) भोजन का साधन
(b) परिचय कराने वाली कड़ी
(c) खेलने का सामान
(d) सवारी

(iv) **अभिकथन (A):** कवि शिशु से अपनी पहचान छिपाना चाहता है।
कारण (R): कवि के मन में शिशु के प्रति अपार स्नेह और अपनापन है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) इन पंक्तियों में कवि का मुख्य भाव है : **[1]**

(a) शिशु के प्रति स्नेह, धैर्य और अपनापन
(b) माँ के प्रति क्रोध
(c) परदेस का दुख
(d) शिशु के प्रति उदासीनता

18. मंगलेश डबराल — संगतकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. संगतकार कविता में वह सुंदर कमज़ोर काँपती हुई आवाज़ किसकी हो सकती है? [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) मुख्य गायक के गुरु की
(b) मुख्य गायक के छोटे भाई की
(c) मुख्य गायक के शिष्य की
(d) छोटे भाई और शिष्य दोनों की

Q2. 'तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला' इस पंक्ति में 'उसका' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है? [SQP 2022-23; SQP 2025-26 (क)] **[1]**

(a) संगतकार के लिए
(b) प्रधान गायक के लिए
(c) गाने के इच्छुक संगीत प्रेमियों के लिए
(d) वाद्ययंत्र बजाने वाले कलाकारों के लिए

Q3. 'उत्साह अस्त होता हुआ' पंक्ति में 'उत्साह अस्त होना' का आशय है : **[1]**

(a) उत्साह का कम हो जाना
(b) उत्साह का बढ़ना
(c) उत्साह का प्रकट होना
(d) उत्साह का बाँटना

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** संगतकार की आवाज़ मुख्य गायक की आवाज़ से ऊँची होती है।
कारण (R): वह मुख्य गायक का महत्त्व बनाए रखना चाहता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'संगतकार' कविता के संदर्भ में लिखिए कि संगतकार कौन होता है? उसके द्वारा किस प्राचीन परंपरा का निर्वाह किया जाता है? [बोर्ड 2024 Main (3-3-1)] **[2]**

Q6. 'संगतकार' कविता का मूल संदेश अपने शब्दों में लिखिए। **[2]**

Q7. संसार में इस प्रकार की 'मनुष्यता' की क्या उपयोगिता है? [SQP 2016-17 (प्रश्न 11 ग); MS 2016-17] **[2]**

Q8. "संगतकार" जैसे व्यक्तियों के योगदान पर समाज का उतना ध्यान नहीं गया है और उन्हें यथोचित सम्मान भी नहीं मिला है। — इस कथन पर 'संगतकार' कविता के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए। [बोर्ड 2023 Main (3-2-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है
गाया जा चुका राग
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है
या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है
उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

(i) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन पंक्तियों से मुख्य गायक के उत्साह के क्षीण होने का पता चलता है?
(I) आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
(II) प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
(III) कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
(IV) उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है **[1]**

(a) I और II (b) केवल III (c) I और IV (d) II और III

(ii) संगतकार किस प्रकार मुख्य गायक को अहसास दिलाता है कि वह अकेला नहीं है? **[1]**

(a) मुख्य गायक के समान भारी स्वर में गाकर
(b) मुख्य गायक को प्रेरित करके
(c) मुख्य गायक से ऊँचे स्वर में गाकर
(d) मुख्य गायक के टूटते स्वर में अपना स्वर मिलाकर

(iii) संगतकार के स्वर में हिचक सुनाई देने का क्या कारण है? **[1]**

(a) संगतकार में आत्मविश्वास का अभाव है
(b) संगतकार मुख्य गायक का मान बनाए रखना चाहता है
(c) संगतकार को गायन में अभी प्रवीणता नहीं आई है
(d) संगतकार में भय और हीनता का भाव है

(iv) **अभिकथन (A):** संगतकार की आवाज़ में एक हिचक साफ़ सुनाई देती है और वह अपनी आवाज़ को ऊँचा नहीं उठने देने की कोशिश करता है।
कारण (R): दूसरों को सफल बनाने के लिए त्याग करना मनुष्यता होती है। संगतकार का त्याग उसकी मनुष्यता का परिचायक है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) 'आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ' पंक्ति में 'राख' से क्या ध्वनित होता है? **[1]**

(a) स्वर की चमक और ताक़त का क्षीण होना
(b) आकाश से वर्षा
(c) गायन-स्थल की सफ़ाई
(d) संगीत की नई शुरुआत

19. माता का अँचल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. मूसन तिवारी को चिढ़ाने की युक्ति बच्चों को किसने सिखाई थी ? **[1]**

(a) भोलानाथ ने (b) बैजू ने (c) पिता ने (d) गुरुजी ने

Q2. भोलानाथ के पिता सुबह उठकर नहा-धोकर पूजा के बाद क्या करते थे ? **[1]**

(a) खेत पर चले जाते थे
(b) राम-नाम लिखकर पूजा की पोथी की पूजा करते थे
(c) भोलानाथ को पाठशाला छोड़ने जाते थे
(d) गंगा-तट पर कुश्ती लड़ते थे

Q3. 'माता का अँचल' शीर्षक किस भाव का प्रतीक है ? **[1]**

(a) पिता के कठोर अनुशासन का (b) माँ की ममता और सुरक्षा का
(c) गाँव की गरीबी का (d) बच्चों की शरारतों का

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** भोलानाथ और उसके साथी महँगे खिलौनों से खेलते थे।
कारण (R): वे अपनी खेल-सामग्री घर की मामूली, बेकार समझी जाने वाली चीज़ों से जुटा लेते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. साँप देखकर भोलानाथ का क्या हाल हुआ ? उसने पिता की आवाज़ क्यों अनसुनी की ? [बोर्ड 2022 (3-3-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. भोलानाथ के साथ खेलने वाले साथियों की सामग्री और खेलों में क्या विशेषता थी ? [SQP 2020-21 से रूपांतरित] **[2]**

Q7. भोलानाथ के पिता उसे गंगा-तट पर ले जाकर क्या-क्या करते थे ? दो बातें लिखिए। **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. "बच्चों के सुख-दुख, झगड़े-खेल क्षणिक होते हैं।" – इस कथन का आशय स्पष्ट करते हुए 'माता का अँचल' पाठ के किन्हीं दो उदाहरणों के संदर्भ से इस कथन की सत्यता सिद्ध कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[4]**

Q9. 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित मूसन तिवारी वाली घटना का संक्षिप्त वर्णन करते हुए लिखिए कि इस घटना से बाल-मनोविज्ञान के विषय में क्या जानकारी मिलती है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट)] **[4]**

Q10. 'माता का अँचल' पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है, उसमें किन-किन प्रसंगों को शामिल किया है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (दूसरी बोर्ड 3-8-1); SQP 2024-25] **[4]**

Q11. 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बच्चों के 'खेती के खेल' से ग्रामीण जीवन की किन सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं का पता चलता है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2026-27; MS 2026-27] **[4]**

20. साना-साना हाथ जोड़ि

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. प्रार्थना-चक्र (धर्म-चक्र) घुमाने के बारे में गाइड ने क्या मान्यता बताई ? **[1]**

(a) मनोकामना पूरी होती है
(b) सारे पाप धुल जाते हैं
(c) नदी में बाढ़ नहीं आती
(d) पहाड़ों में बर्फ गिरती है

Q2. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका कौन हैं ? **[1]**

(a) महादेवी वर्मा (b) मन्नू भंडारी (c) मधु कांकरिया (d) कृष्णा सोबती

Q3. लेखिका के अनुसार सर्दियों में हिमालय किस रूप में जल संचित करता है ? **[1]**

(a) झील के रूप में
(b) बादलों के रूप में
(c) बर्फ के रूप में
(d) कुओं के रूप में

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** जितेन ने लेखिका को अपनी रचित हिंदी कविता 'साना-साना हाथ जोड़ि' सिखाई थी।
कारण (R): 'साना-साना हाथ जोड़ि...' नेपाली भाषा की एक प्रार्थना है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. कटाओ में सैनिकों की छावनी पर लेखिका ने कौन-सा वाक्य पढ़ा और उसका उन पर क्या प्रभाव पड़ा ? [बोर्ड 2024 (3-3-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. 'खेदुम' क्या है ? इसके बारे में गंगटोकवासियों का क्या विश्वास है ? [बोर्ड 2024 (3-2-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q7. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि प्रकृति जल का संचय कैसे करती है। [बोर्ड 2023 (3-4-1) से रूपांतरित] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. 'साना-साना हाथ जोड़ि' में प्रकृति की किस अखंडित संपूर्णता से लेखिका का साक्षात्कार होता है ? वह संपूर्णता आवश्यक क्यों है ? उसे नुकसान पहुँचाकर मनुष्य क्या गलत कर रहा है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[4]**

Q9. बार्डर एरिया में छावनी पर 'वी गिव अवर टुडे फॉर योर टुमारो' पढ़कर लेखिका का मन उदास क्यों हो गया ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[4]**

Q10. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में कहा गया है कि कटाओ पर किसी दुकान का न होना वरदान है। ऐसा क्यों ? भारत के अन्य प्राकृतिक स्थानों को वरदान बनाने में नवयुवकों की क्या भूमिका हो सकती है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2016-17; SQP 2017-18; SQP 2020-21; MS 2020-21] **[4]**

Q11. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के जीवन और उनके योगदान पर लेखिका की टिप्पणी क्या प्रतिबिंबित करती है ? (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2026-27; MS 2026-27] **[4]**

21. मैं क्यों लिखता हूँ?

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. हिरोशिमा में विस्फोट के बाद पत्थर पर क्या अंकित मिला था ? **[1]**

(a) एक मंदिर की आकृति
(b) मनुष्य की छाया
(c) पक्षियों के पंख
(d) पेड़ की पत्तियाँ

Q2. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के लेखक कौन हैं ? **[1]**

(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(b) अज्ञेय
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी
(d) शिवपूजन सहाय

Q3. हिरोशिमा पर अपनी कविता लिखने के लिए अज्ञेय को क्या चाहिए था ? **[1]**

(a) केवल प्रत्यक्ष दृश्य
(b) अनुभव का अनुभूति में बदल जाना
(c) संपादक की माँग
(d) धन और प्रसिद्धि

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** हिरोशिमा की घटना संपूर्ण मानव जाति के लिए एक सबक है।
कारण (R): मनुष्य द्वारा बनाए गए विनाशकारी अस्त्र समस्त मानवता को नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। [बोर्ड 2023 (3-1-1) से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. अनुभव और अनुभूति में अंतर स्पष्ट कीजिए। [बोर्ड 2024 (3-3-1); बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. हिरोशिमा पर कविता लिखने से पहले लेखक की मानसिक दशा कैसी थी ? [MS 2022-23 से रूपांतरित] **[2]**

Q7. हिरोशिमा की घटना को देखकर लेखक को कौन-सी घटना याद आई ? [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. एक कृतिकार के लेखन और रचना के पीछे क्या-क्या कारण हो सकते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[4]**

Q9. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ में "मनुष्य निर्मित विभीषिका का चित्र खींचा गया है" – इस कथन की पुष्टि कीजिए। ऐसी विभीषिकाओं की रोकथाम के दो उपाय लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[4]**

Q10. हिरोशिमा के बम विस्फोट में हुई क्षति को देखकर लेखक को कौन-सी घटना याद आई ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[4]**

Q11. किसी एक रचनाकार की रचना, प्रेरणा अथवा जीवन किसी दूसरे व्यक्ति को किसी रचना के लिए कैसे प्रेरित कर सकते हैं ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-2-1)] **[4]**

22. अनुच्छेद लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. 'पाश्चात्य सभ्यता की गिरफ्त में आती युवा पीढ़ी' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • पाश्चात्य संस्कृति का अर्थ • पाश्चात्य संस्कृति का आकर्षण • मानवीय मूल्यों में बदलाव [SQP 2026-27] **[6]**

Q2. 'स्वस्थ जीवन शैली' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • स्वस्थ जीवन शैली की आवश्यकता • स्वस्थ आदतें जिनका पालन किया जाना चाहिए • स्वस्थ जीवनशैली के लाभ [SQP 2025-26; बोर्ड 2026 (3-1-1) 'उत्तम स्वास्थ्य : सबसे बड़ा धन'] **[6]**

Q3. 'पर्यावरण संरक्षण : समय की माँग' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • मानव और पर्यावरण में अटूट संबंध • संरक्षण की आवश्यकता क्यों? • संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव • सुझाव [बोर्ड 2022 (3-2-1); बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1) 'मेरी भूमिका'] **[6]**

Q4. 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • लोकोक्ति का अर्थ • परोपकार के अलग-अलग तरीके • जीवन में खुशी का भंडार [बोर्ड 2023 (3-1-1); बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1); बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[6]**

Q5. 'डिजिटल इंडिया और ग्रामीण समाज की चुनौतियाँ' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • डिजिटल इंडिया का आशय • ग्रामीण भारत में बाधाएँ • शामिल करने के सुझाव [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[6]**

23. पत्र लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आप रेवा/रवि हैं। दैनिक समाचार-पत्रों में विज्ञापनों की भरमार को कम करने और समसामयिक विषयों पर लेखन की आवश्यकता को दर्शाते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2026-27] **[5]**

Q2. आप कवीश/काव्या हैं। आपने अपने मुहल्ले में 'कचरा पृथक्करण' (वेस्ट सेग्रीगेशन) के अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया है। इसकी जानकारी देते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[5]**

Q3. आपके क्षेत्र में सरकारी राशन की दुकान का संचालक गरीबों के लिए आए अनाज की कालाबाज़ारी करता है और कुछ कहने पर उन्हें धमकाता है। उसकी शिकायत करने हेतु लगभग 100 शब्दों में ज़िलाधिकारी को पत्र लिखिए। [SQP 2021-22 (Term 2)] **[5]**

Q4. आपकी कक्षा में एक नए अध्यापक पढ़ाने आए हैं जो बहुत अच्छा पढ़ाते हैं। उनके विषय में परिचयात्मक सूचना देते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। [SQP 2019-20] **[5]**

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. (A) आप आभा/अभय हैं। आपने हिन्दी विषय में एम.ए. किया है। अ.ब.स. समाचार पत्र में सामग्री लेखक (कंटेंट राइटर) की नौकरी का विज्ञापन जारी हुआ है। आपको उस पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए। [SQP 2026-27] **[5]**

Q2. आप सोनी/राघव हैं और हाल में ही आपने शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातक की डिग्री पाई है और बास्केटबॉल के खेल का आपका लंबा अनुभव भी है। 'राजकीय विद्यालय नई दिल्ली' में पी.ई. शिक्षक के पद की रिक्ति भी हुई है। इस पद के लिए आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[5]**

Q3. (B) आप आभा/अभय हैं। आपकी कॉलोनी की सड़कें नगर-पालिका द्वारा नई बनवा दी गई हैं। नगर-पालिका के अध्यक्ष को नई सड़कें बनवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। [SQP 2026-27] **[5]**

Q4. आपका नाम रोज़ी/राकेश है और आप दूर-दराज़ के एक गाँव में रहते हैं। वहाँ से आपने ज़रूरी दवाएँ "HTH." नामक कंपनी से मँगवाई थीं। कंपनी ने सप्ताह भर में भेजने का वादा करके तीन सप्ताह लगा दिए पर दवाएँ अब तक नहीं पहुँची हैं। जबकि आप अग्रिम भुगतान कर चुके हैं। कंपनी के "उपभोक्ता-शिकायत विभाग" में "उपभोक्ता कोर्ट" में इसकी शिकायत दर्ज करवाने की चेतावनी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। [बोर्ड 2025 (3-2-1)] **[5]**

Q5. (A) इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में भी बहुत वृद्धि हुई है। इस ओर आम नागरिक को सतर्क और जागरूक करने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में पुलिस विभाग की ओर से तैयार कीजिए। [SQP 2026-27] **[4]**

Q6. "मतदान एक अनिवार्य कर्तव्य है" इस विषय पर चुनाव आयोग की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[4]**

Q7. (B) अपने विद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या की ओर से आगामी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए शुभकामना-संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए। [SQP 2026-27] **[4]**

Q8. (ii) आपका एक सहपाठी ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधि धावक बनकर जा रहा है। लगभग 40 शब्दों में उसे बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए संदेश लिखिए। [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[4]**

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण)

Ch. 1: Q1(i)-(a), Q1(ii)-(a), Q1(iii)-(b)

Ch. 2: Q1(i)-(b), Q1(ii)-(d), Q1(iii)-(b)

Ch. 3: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(c)

Ch. 4: Q1-(b), Q2-(d), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 5: Q1-(a), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(d)

Ch. 6: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(c)

Ch. 7: Q1-(c), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(d), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(c), Q4(v)-(a)

Ch. 8: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a), Q8(i)-(a), Q8(ii)-(a), Q8(iii)-(c), Q8(iv)-(b), Q8(v)-(c)

Ch. 9: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(b), Q5(ii)-(b), Q5(iii)-(b), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(a)

Ch. 10: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(a), Q5(ii)-(c), Q5(iii)-(c), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(a)

Ch. 11: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(d), Q5(ii)-(b), Q5(iii)-(c), Q5(iv)-(a), Q5(v)-(a)

Ch. 12: Q1-(a), Q2-(a), Q4(i)-(b), Q4(ii)-(d), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(a)

Ch. 13: Q1-(c), Q2-(b), Q3-(a), Q5(i)-(c), Q5(ii)-(a), Q5(iii)-(d), Q5(iv)-(b), Q5(v)-(c)

Ch. 14: Q1-(d), Q2-(a), Q3-(a), Q4-(c), Q6(i)-(a), Q6(ii)-(d), Q6(iii)-(b), Q6(iv)-(c), Q6(v)-(a)

Ch. 15: Q1-(c), Q2-(a), Q4(i)-(b), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(b)

Ch. 16: Q1-(c), Q2-(c), Q3-(b), Q4-(a), Q9(i)-(a), Q9(ii)-(a), Q9(iii)-(c), Q9(iv)-(d), Q9(v)-(b)

Ch. 17: Q1-(c), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(b), Q9(i)-(a), Q9(ii)-(b), Q9(iii)-(b), Q9(iv)-(d), Q9(v)-(a)

Ch. 18: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(a), Q4-(d), Q9(i)-(a), Q9(ii)-(d), Q9(iii)-(b), Q9(iv)-(a), Q9(v)-(a)

Ch. 19: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(d)

Ch. 20: Q1-(b), Q2-(c), Q3-(c), Q4-(d)

Ch. 21: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a)